भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या: 191

शुक्रवार, 23 दिसंबर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

पीएम गतिशक्ति पहल के अंतर्गत संस्वीकृत परियोजनाएं

***191. श्री कार्तिकेय शर्मा:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री गतिशक्ति पहल के अंतर्गत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) द्वारा अब तक संस्वीकृत/संस्तुत अवसंरचना संबंधी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रधानमंत्री गतिशक्ति परियोजना के महत्वपूर्ण उद्देश्यों का ब्यौरा क्या है;

(ग) इस तरह की परियोजनाओं के माध्यम से परियोजना-वार कुल कितना निवेश अपेक्षित है;

(घ) क्या महत्वपूर्ण अवसंरचना संबंधी परियोजनाओं के समय और लागत में कटौती करने के लिए कोई राष्ट्रव्यापी मास्टर प्लान है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यह संबंधित राज्य सरकारों और केंद्र सरकार की किस तरह से मदद करता है?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ङ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

दिनांक 23.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 191 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ग): पीएम गतिशक्ति के तहत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) ने पीएम गतिशक्ति के सिद्धांतों के आधार पर अब तक 58 अवसंरचना परियोजनाओं की सिफारिश की है। प्रत्येक परियोजना की अनुमानित लागत सहित इन परियोजनाओं का ब्यौरा नीचे दिए लिंक पर उपलब्ध है:
https://dpiit.gov.in/sites/default/files/projectList_NPG_20December2022.pdf (लिंक मोज़िला फायरफॉक्स से खोला जा सकता है)

एनपीजी द्वारा संस्तुत परियोजनाओं के अलावा, विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा पीएम गतिशक्ति के तहत परियोजनाओं की पहचान की गई है। पीएम गतिशक्ति के अंतर्गत शामिल इन परियोजनाओं की अनुमानित लागत सहित परियोजनाओं का मंत्रालय-वार ब्यौरा नीचे दिए गए लिंक पर उपलब्ध है:
https://dpiit.gov.in/sites/default/files/Parliament_Questions_Logistics_Division.pdf (लिंक मोज़िला फायरफॉक्स से खोला जा सकता है)

(ख), (घ) और (ङ): पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान (एनएमपी), मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स कुशलता में सुधार करने और लोगों, वस्तुओं की निर्बाध आवाजाही की महत्वपूर्ण अवसंरचनागत कमियों को दूर करने के लिए संबंधित मंत्रालयों/विभागों में एकीकृत एवं समग्र प्लानिंग हेतु परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है जिसका फोकस बाधाओं को कम करना तथा परियोजनाओं का समय से पूरा होना सुनिश्चित करना है।

जीआईएस आधारित प्लेटफॉर्म पीएम गतिशक्ति एनएमपी का एक डिजिटल घटक है जो देश में अवसंरचना संबंधी भूस्थानिक आंकड़ों और सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के प्लानिंग पोर्टल्स को एकीकृत करता है। इसे अक्टूबर, 2021 में शुरु किया गया था जिसका उद्देश्य एकीकृत प्लानिंग के लिए डाटा आधारित निर्णय लेने, परियोजनाओं की प्राथमिकता निर्धारित करने, समन्वित कार्यान्वयन करने, लागत व समय का इष्टतमीकरण करने तथा परियोजना निगरानी में सहायता करना है। इस एनएमपी पर, अब तक विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों/राज्य सरकारों की लगभग 2000 से अधिक डाटा लेयर्स को अपलोड किया गया है।

बेहतर निर्णय क्षमता और केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों तथा राज्य सरकारों के बीच समन्वय सुनिश्चित करने के लिए, केंद्रीय और राज्य, दोनों स्तरों पर सचिवों के अधिकार प्राप्त समूह (ईजीओएस), नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) और तकनीकी सहायता इकाई (टीएसयू) के रूप में तीन स्तरीय संस्थागत व्यवस्था तैयार की गई है। नीति आयोग के अलावा, पीएम गतिशक्ति के भाग के रूप में 24 केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों का अपने संबंधित सचिवालयों के जरिए ईजीओएस में प्रतिनिधित्व है।

केंद्र के सभी अवसंरचना और आर्थिक मंत्रालयों/विभागों तथा राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने भी अपने कस्टमाइज़्ड प्लानिंग पोर्टल तैयार किए हैं जिन्हें पीएम गतिशक्ति एनएमपी पर एकीकृत किया गया है। ये डिजिटल सिस्टम अवसंरचना परियोजनाओं की एकीकृत प्लानिंग और उनके समन्वित कार्यान्वयन के लिए डाटा-आधारित निर्णय क्षमता को सक्षम बना रहे हैं। पीएम गतिशक्ति तंत्र को अपनाकर 150 से अधिक महत्वपूर्ण अवसंरचनागत कमियों की पहचान की गई है। इससे परियोजना की प्लानिंग और उनके कार्यान्वयन के समय तथा लागत में कमी करने में सहायता मिल रही है।

*****